दूरभाष : 011.233610087 टेलीफैक्स : 011.23346980
e-mail id: biharinformation@gmail.com

बिहार सरकार
बिहार सूचना केन्द्र, नई दिल्ली
ए–5, स्टेट एम्पोरिया भवन, बाबा खड़ग सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110001

क्रम सं० 279 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक–09.04.2017

प्रकाश उत्सव का सफल आयोजन बिहार के लिए गर्व की बात : मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार

समाज में प्रेम, सद्भाव एवं सहिष्णुता के माहौल को आगे बढाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रतिबद्धता जाहिर की

नई दिल्ली। 09 अप्रैल 2017: माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री नीतीश कुमार ने कहा है कि 10वें सिख गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 350वें जन्मशती समारोह "प्रकाशोत्सव" का सफल आयोजन बिहार के लिए गर्व की बात है। वे कल दिनांक 08 अप्रैल 2017 की रात्रि में बिहार निवास, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सिख समुदाय के अनुयायियों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि गुरू गोबिन्द सिंह जी के जन्म स्थान तख्त श्री पटना साहिब में इस समारोह का भव्य, आकर्षक एवं सफल आयोजन कराना उनका कर्तव्य था। गुरू की प्रेरणा से बिहार की जनता को इसमें कामयाबी मिली।

समारोह की शुरूआत में बड़ी संख्या में आये सिख श्रद्धालुओं ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के जन्मशती समारोह के उत्कृष्ट आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री कुमार का सम्मान किया। उत्तम आतिथ्य सत्कार हेतु Kes Sambhal Parchar Sanstha ने नीतीश कुमार जी को "गुरू प्यारा" की उपाधि दी। अमृतसर के प्रख्यात कलाकार सरदार कुलवन्त सिंह जी गिल ने मुख्यमंत्री को कलाकृति भेंट की। Kes Sambhal Parchar Sanstha के अध्यक्ष एस०जे०एस० पाल एवं लुधियाना के सरूप सिंह जी अलग द्वारा रचित पुस्तकों के समूह को श्री नीतीश कुमार जी को प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री को 500 सिख विभूतियों के एक अद्वितीय निदेशिका (Directory) भेंट की गई। इन सिख विभूतियों ने जीवन के अनेक क्षेत्रों यथा अर्थव्यवस्था, खेल, संगीत, राजनीति, सैन्य एवं मनोरंजन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकाश उत्सव के सफल आयोजन से पूरे समाज में महत्वपूर्ण संदेश गया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि समस्त बिहारवासियों का सम्मान है। प्रकाशोत्सव के इतने सुंदर ढंग से आयोजन में सभी धर्मों एवं समप्रदायों के लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि उनकी इच्छा थी कि पूरे पटना एवं बिहार को प्रकाशपर्वमय बनाया जाए। सफल आयोजन से उनके मन में बहुत अच्छी अनुभूति हुई।

इस अवसर पर सिख श्रद्वालुओं ने श्री नीतीश कुमार जी द्वारा बिहार में पूर्ण शराबबन्दी लागू किये जाने की भरपूर प्रशंसा की। सभी व्यक्तियों ने कहा कि श्री नीतीश कुमार जी ने ऐसा अनूठा काम कर पूरे भारत वर्ष को एक नई दिशा दी है। इससे समाज में अमन एवं चैन का वातावरण मजबूत हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि समाज में प्रेम, सदभाव एवं सहिष्णुता के माहौल को वें सदा आगे बढायेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार इस साल गांधी जी के चम्पारण सत्याग्रह का शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव एवं चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी समारोह का संदेश एक ही है– सत्य के मार्ग पर हम सभी बढते जायें।